| दिनांक 19.07.2026 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 386/2026 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद संतकबीरनगर/थाना धनघटा**

- **50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **23 किलो 810 ग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 बोलेरो वाहन आदि बरामद**

दिनांक 19.07.2026 को थाना धनघटा व थाना महुली की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम घोरांग के पास चेकिंग के दौरान पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–भुट्टू अली सहित अभियुक्त 2–नूर मोहम्मद 3–गुलाम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 23 किलो 810 ग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 बोलेरो वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त भुट्टू अली शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी, धोखाधड़ी, गैंगेस्टर एक्ट, सीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त भुट्टू अली धनघटा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु परिक्षेत्र स्तर से 50 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना धनघटा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–भुट्टू अली निवासी ग्राम अहिरौली दुबौली थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार।

2—नूर मोहम्मद निवासी ग्राम अहिरौली दुबौली थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार।

3—गुलाम निवासी ग्राम अहिरौली दुबौली थाना गोपालपुर जनपद गोपालगंज बिहार।

**बरामदगी**

1—23 किलो 810 ग्राम अवैध गांजा।

2—नगद रूपये, 01 मोबाइल फोन।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4—01 बोलेरो वाहन आदि।

**जनपद कौशाम्बी/थाना चरवा**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 18/19.07.2026 को थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर काजू चौराहा से मलाक नगर जाने वाले रास्ते पर बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मोइनुद्दीन उर्फ इरफान घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से नगद रूपये, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना चरवा पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना चरवा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मोइनुद्दीन उर्फ इरफान निवासी ग्राम पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–नगद रूपये।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना फेस–1

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 19.07.2026 को थाना फेस–1 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बिजली घर के पास सेक्टर–10 से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रतन को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध कमिश्नरेट गौमतबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त थाना फेस–1 पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना फेस–1 पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रतन निवासी कविता पैलेस खोड़ा कॉलोनी थाना खोड़ा कमिश्नरेट गाजियाबाद।

## जनपद अलीगढ़/थाना रोरावर

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये कीमत की लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 19.07.2026 को थाना रोरावर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना रोरावर क्षेत्र से 02 अभियुक्तों 1–शिराज 2–मुजम्मिल को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये कीमत की लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 17.07.2026 को थाना रोरावर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना रोरावर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना रोरावर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–शिराज निवासी शाहजमाल थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।

2–मुजम्मिल निवासी शाहजमाल थाना रोरावर जनपद अलीगढ़।

**बरामदगी**

1–लगभग 20 लाख रूपये कीमत की लूट के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

**जनपद मथुरा/थाना जैंत**

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 30 हजार रूपये नगद**
- **लूट का 01 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 18.07.2026 को थाना जैंत व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगला कीकी के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–सियाराम 2–रवि घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–सचिन सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से लूट के 30 हजार रूपये नगद, लूट का 01 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि थाना जैंत पर अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जैंत पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, मोबाइल फोन लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना जैंत पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सियाराम निवासी कमई थाना बरसाना जनपद मथुरा।

2–रवि निवासी कमई थाना बरसाना जनपद मथुरा।

3–सचिन निवासी कमई थाना बरसाना जनपद मथुरा।

**बरामदगी**

1–लूट के 30 हजार रूपये नगद।

2–लूट का 01 मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

4–01 मोटर साइकिल आदि।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना बीटा–2**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 19.07.2026 को थाना बीटा–2 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एनएसजी गोल चक्कर/एटीएस सोसाइटी के पास से 03 अभियुक्तों 1–टेकराम 2–पवन कुमार 3–अनिल को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया एवं 02 बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना बीटा–2 क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–टेकराम निवासी ग्राम लोधीपुर सोहभन थाना गणमुक्तेश्वर जनपद हापुड़, हालपता ग्राम सोरखा थाना सेक्टर–113 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–पवन कुमार निवासी ग्राम चीती थाना दनकौर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

3–अनिल निवासी ग्राम मसौता थाना सिकन्दराबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–लगभग 20 लाख रूपये कीमत की चोरी के पीली–सफेद धातु के आभूषण।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

## जनपद बलिया/थाना बैरिया

- **पुलिस कार्यवाही में 05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 11 मोटर साइकिल, 01 ट्रैक्टर मय ट्राली, 02 पम्पिंग सेट मोटर आदि बरामद**

दिनांक 19.07.2026 को थाना बैरिया व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जयप्रकाश नगर, बन्धा मार्ग टोलाबाज राय मोड़ पर बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–हेमन्त घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–हर्ष उर्फ राज 3–दिनेश 4–अनुज उर्फ शिवम 5–जयकुमार उर्फ संटुल सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 11 मोटर साइकिल, 01 ट्रैक्टर मय ट्राली, 02 पम्पिंग सेट मोटर आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना बैरिया पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—हेमन्त निवासी कुरैजी थाना गड़वार जनपद बलिया।

2—हर्ष उर्फ राज निवासी जगदीशपुर थाना फेफना जनपद बलिया।

3—दिनेश निवासी हैबतपुर थाना कोतवाली जनपद बलिया।

4—अनुज उर्फ शिवम निवासी बड़का बैजू थाना रिविलगंज जनपद सारण बिहार।

5—जयकुमार उर्फ संटुल निवासी बभनौली थाना गड़वार जनपद बलिया।

**बरामदगी**

1—चोरी की 11 मोटर साइकिल, 01 ट्रैक्टर मय ट्राली, 02 पम्पिंग सेट मोटर आदि।

**जनपद मीरजापुर/थाना चुनार**

- **05 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 09 मोटर साइकिल, 11 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 18.07.2026 को थाना चुनार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम दीक्षितपुर के पास से 05 अभियुक्तों 1—विशाल 2—विकास 3—चन्द्रमा उर्फ बाबू 4—गुलशन कुमार 5—लोकनाथ उर्फ लोकू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 09 मोटर साइकिल, 11 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त विशाल के विरूद्ध जनपद मीरजापुर, चन्दौली, सोनभद्र व कमिश्नरेट वाराणसी के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 25 अभियोग, अभियुक्त विकास के विरूद्ध जनपद भदोही, मीरजापुर, सोनभद्र व चन्दौली के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 10 अभियोग, अभियुक्त चन्द्रमा उर्फ बाबू के विरूद्ध जनपद मीरजापुर, सोनभद्र, चन्दौली, वाराणसी के विभिन्न थानो में लूट, चोरी आदि के 11 अभियोग, अभियुक्त गुलशन कुमार के विरूद्ध जनपद मीरजापुर, सोनभद्र, चन्दौली

व कमिश्नरेट वाराणसी के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 11 अभियोग एवं अभियुक्त लोकनाथ उर्फ लोकू के विरूद्ध जनपद मीरजापुर, चन्दौली, सोनभद्र व कमिश्नरेट वाराणसी के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 18 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना चुनार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–विशाल निवासी कन्हैया का पुरा थाना पड़री जनपद मीरजापुर।

2–विकास निवासी देदवापार सरनेगुआस थाना अलीनगर जनपद चन्दौली।

3–चन्द्रमा उर्फ बाबू निवासी रजौली थाना अदलहाट जनपद मीरजापुर।

4–गुलशन कुमार निवासी मुजडीह खेमईपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

5–लोकनाथ उर्फ लोकू निवासी ग्राम घाटमपुर थाना अहरौरा जनपद मीरजापुर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 09 मोटर साइकिल, 11 मोबाइल फोन।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## <u>जनपद कानपुर देहात/थाना भोगनीपुर</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **धोखाधड़ी के 08 लाख रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल फोन, 06 सिमकार्ड**
- **01 मोटर साइकिल, 01 कार आदि बरमद**

दिनांक 18.07.2026 की रात्रि थाना भोगनीपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चौरा से बिल्हापुर जाने वाले मार्ग पर रेलवे क्रॉसिंग के पास से 02 अभियुक्तों 1–रोहित उर्फ डिफाल्टर उर्फ कुणाल 2–मंजीत उर्फ जीनियस को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से धोखाधड़ी के 08 लाख रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल फोन, 06 सिमकार्ड, 01 मोटर साइकिल, 01 कार आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं जो अमेजन से आनलाइन हाई–वैल्यू प्रोडक्ट को फर्जी नाम–पते पर कैश आन डिलीवरी मगा कर, पार्सल प्राप्त होने पर उसमें से मूल उत्पाद निकालकर, डमी उत्पाद रखकर पार्सल को पुनः वापस कर धोखाधड़ी की घटना कारित की जाती है।

इस सम्बन्ध में थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–रोहित उर्फ डिफाल्टर उर्फ कुणाल निवासी गनेशगंज थाना कोतवाली कालपी जनपद जालौन।

2–मंजीत उर्फ जीनियस निवासी गनेशगंज कस्बा व थाना कोतवाली कालपी जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–धोखाधड़ी के 08 लाख रूपये नगद।

2–घटना में प्रयुक्त 03 मोबाइल फोन, 06 सिमकार्ड।

3–01 मोटर साइकिल, 01 कार आदि।

————————